**कार्यालय : प्रभागीय वनाधिकारी, रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट (सोनभद्र) ।**

पत्रांक : 1287 /रेनुकूट/ 15–28 रेनकूट,दिनांक,अक्टूबर, 15 ,2019

सेवा में,

श्री विवेक कुमार
हेड –लीगल
मे0 हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0
रेनुकूट–सोनभद्र ।

विषयः– जनपद–सोनभद्र में (रेनुकूट वन प्रभाग अन्तर्गत ) मे0 हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0 (रेनुसागर पावर डिवीजन रेनुसागर) को रेनुसागर पावर प्लांट से हिण्डालको प्लांट रेनुकूट तक 132 के0वी0 विद्युत पारेषण लाईन के निर्माण एवं संचालन हेतु हस्तान्तरित 38.2591 हे0 आरक्षित वन भूमि के पट्टे का 25 वर्षो के लिए नवीनीकरण किया जाना

संदर्भः–
1–भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परितर्वतन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय (मध्य) केन्द्रीय भवन, पंचम तल, सेक्टर–एच0 अलीगंज लखनऊ का पत्र संख्या–08बी/यू0पी0/04/68/2019/एफ0सी0/244 दिनांक– 14.08.2019
2–मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ का पत्र संख्या–371/11–सी–एफ0पी0/यू0पी0/द्रान्स/18048/2016 लखनऊ दिनांक– 22.08.2019
3–मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर का पत्र संख्या– सा0 1230/मी0क्षे0/33 दिनांक– 12.09.2019
4–इस कायालय का पत्रांक–1050/रेनुकूट/15–28 दिनांक– 26.09.2019
5–आपका पत्र दिनांक– 05.10.2019
6–इस कार्यालय का पत्र संख्या– 1231/रेनुकूट/15–28 दिनांक– 09.10.2019
7–आपका पत्र दिनांक– 11.10.2019

महोदय,

विषयक प्रकरण में संदर्भित पत्रो का अवलोकन करने का कष्ट करें । उक्त प्रकरण में भारत सरकार द्वारा मॉगी गयी वांछित सूचना/अभिलेखो की 5 प्रतियॉ लूज में इस कार्यालय में दिनांक– 05.10.2019 को उपलब्ध करायी गयी थी जिसे आवश्यक संशोधनोपरान्त पुनः उपलब्ध कराने हेतु इस कार्यालय के संदर्भित पत्र दिनांक– 09.10.2019 द्वारा आपको अवगत कराया गया था ।

आपके संदर्भित पत्र दिनांक–11.10.2019 द्वारा उपलबध कराये गये अभिलेखो का पुनः परीक्षण किया गया । परीक्षण करने के उपरान्त भारत सरकार के बिन्दु संख्या–4 के क्रम में प्रश्नगत द्रान्समिशन लाईन के नीचे बैने प्रजाति के वृक्षारोपण का स्कीम प्रस्तुत किया जाना है जिस हेतु आप द्वारा उससे संबंधित जी0ओ0 रेफरेन्स मानचित्र एवं टोपोशीट की प्रति उपलब्ध नही करायी गयी है जिसके कारण अग्रेत्तर कार्यवाही करना संभव नही हो पा रहा है । इसके अतिरिक्त पूर्व में उपलब्ध कराये गये अभिलेखो पर संबंधित क्षेत्रीय वन अधिकारी के हस्ताक्षर भी नही है ।

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि प्रश्नगत द्रान्समिशन लाईन के नीचे बौने प्रजाति के वृक्षारोपण करने हेतु प्रश्नगत क्षत्रो का संयुक्त निरीक्षण क्षेत्रीय वन अधिकारी अनपरा एवं पिपरी के साथ करते हुए वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध क्षेत्रो का जी0ओ0रेफरेन्स मानचित्र एवं उससे संबंधित टोपोशीट पर दर्शाते हुए उसकी पॉच–पॉच प्रतियॉ एवं पूर्व में उपलब्ध कराये गये अभिलेखो पर संबंधित क्षेत्रीय वन अधिकारी का हस्ताक्षर कराने के उपरान्त पत्रावली में संधारित करते हुए पॉच–पॉच प्रतियॉ उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि अनुपालन आख्या उच्च स्तर के माध्यम से भारत सरकार की सेवा में प्रेषित किया जा सकें । आप द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेख इस पत्र के साथ संलग्न कर वापस प्रेषित की जाती है ।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार ।**

भवदीय
(एम0पी0सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट

संख्या– 1287 अ/सम दिनांकित ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– उप प्रभागीय वनाधिकारी, पिपरी ।
2– क्षेत्रीय वन अधिकारी, अनपरा एवं पिपरी ।

(एम0पी0सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट